भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1970**

दिनांक 17.12.2013/ 26 अग्रहायण, 1935 (शक) को उत्तर के लिए

**असुरक्षित इमारतें**

†1970. श्री डी.बी. चन्द्रे गौडा :

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली में अनेक इमारतें असुरक्षित हैं;
(ख) यदि हां, तो क्या एनसीटी, दिल्ली में असुरक्षित इमारतों की संख्या का पता लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण किया गया है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे; और
(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन)

**(क) से (ग) : नई दिल्ली नगर पालिका परिषद ने निजी खतरनाक भवनों की पहचान करने के लिए अपने क्षेत्र में प्राथमिक दृश्य सर्वेक्षण कराया है, जिसमें 14 भवनों को खतरनाक भवनों के रुप में सूचीबद्ध किया गया है । खतरनाक पाए गए भवनों के ब्यौरे निम्नलिखित हैं :**

**(i)** **बी-44 मालचा मार्ग, नई दिल्ली ।**
**(ii)** **31, एस० पी० मार्ग, नई दिल्ली ।**
**(iii)** **7, पंचशील मार्ग, नई दिल्ली ।**
**(iv)** **रीगल बिल्डिंग (पिछला हिस्सा और ऊपरी हिस्सा), कनाट प्लेस ।**
**(v)** **सिंधिया हाउस (पिछला हिस्सा), कनाट प्लेस ।**
**(vi)** **पम्प हाउस, बिरला मंदिर के निकट, नई दिल्ली ।**
**(vii)** **साउथ इंडिया क्लब, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली ।**
**(viii)** **31, जोरबाग, नई दिल्ली (पिछला हिस्सा) ।**
**(ix)** **43, जोरबाग, नई दिल्ली (पिछला हिस्सा) ।**
**(x)** **1/172, जोरबाग, स्थानीय शॉपिंग केन्द्र (पिछला हिस्सा), नई दिल्ली ।**
**(xi)** **मार्शल हाउस, हनुमान रोड, नई दिल्ली ।**
**(xii)** **दुकान संख्या 36, सरोजिनी नगर मार्केट, नई दिल्ली ।**
**(xiii)** **दुकान संख्या 41, सरोजिनी नगर मार्केट, नई दिल्ली ।**
**(xiv)** **दुकान संख्या 125, सरोजिनी नगर मार्केट, नई दिल्ली (बरसाती फ्लोर)।**

**(घ) : साउथ इंडिया क्लब भवन को गिरा दिया गया है और पुन:निर्मित किया गया है । अन्य भवन प्राधिकारियों को सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं ।**

********